Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to conduct enquiry in the alleged substandard quality work in the construciton of Railway Wagon Repair Workshop in Bander, Amravati.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): अध्यक्ष महोदय, मेरे अमरावती क्षेत्र में बडनेरा, रेलवे वैगन रिपेयर वर्कशॉप है । जिसका काम प्रेमको, रेल इंजीनियर लिमिटेड कोलकाता को दिया गया है । यह कॉन्ट्रैक्ट उनको वर्ष 2018 में दिया गया था और वर्ष 2020 तक कार्य को पूरा करने का समय था । वर्ष 2021 तक इन्होंने सिर्फ 50 प्रतिशत कार्य ही पूरा किया है । शुरुआत में इसकी लागत 163 करोड़ रुपए थी, लेकिन लेट होने के कारण आज इसकी लागत 180 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेलवे मंत्री महोदय से विनती करती हूं कि इसके काम की क्वालिटी की जांच की जाए, क्योंकि सीमेंट की जगह रेती, मुरुम की जगह खेतों से लाकर काली मिट्टी इसमें डाली जा रही है । इसका थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराना चाहिए । यह वैगन कारखाना रिपयेर में है, इसकी दीवार के ऊपर अभी से क्रैक आ गई है । इसका उद्घाटन कब होगा? इसकी दीवार के ऊपर जो क्रैक आई है, उसकी जांच होनी चाहिए । यह काम 100 प्रतिशत सुरक्षित एवं जल्द से जल्द पूरा होना चाहिए । मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से यह विनती करती हूं । धन्यवाद ।